राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः प.1(16)साप्र/ग्रुप–5/09 पार्ट जयपुर दिनांकः 23.07.2014

समस्त प्रबन्धक,
विश्राम भवन, राजस्थान/
ट्रांजिट हास्टल, जयपुर।

प्रबन्धक,
राजस्थान हाउस/ जोधपुर हाउस/
राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस
नई दिल्ली।

विषय :– जॉब बेसिस से सम्मिलित कार्यों के अतिरिक्त अन्य समस्त कार्य संबंधित फर्राश संबंधी कार्य च0श्रे0क0 से करवाये जाने बाबत।

संदर्भ :– इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांकः 11.02.2013 एवं 26.06.2014 व 27.06.2014

महोदय,

जॉब बेसिस पर कार्य कराये जाने के संबंध में निम्न प्रकार आदेश जारी किये जाते है, जिनकी पालना सुनिश्चित करें :–

1. जिन विश्राम भवनों में वर्तमान वित्तीय वर्ष की निविदा भी आदेश दिनांकः 11.02.2013 के निर्देशों अनुसार अर्थात सफाई, बागवानी, सुरक्षा, पोर्टर इत्यादि संबंधी कार्यों हेतु जारी कर दी गई है, तो उसे निरस्त कर दिया जाये एवं नवीन निविदा, जो मात्र सफाई एवं बागवानी कार्यों को जॉब बेसिस पर कराने हेतु हो, जारी की जाए तथा निविदा प्रक्रिया दिनांकः 30.09.2014 से पूर्व पूर्ण कर ली जाये, ताकि दिनांकः 01.10.2014 से नवीन निविदानुसार उक्त दोनों कार्य जॉब बेस पर सम्पादित हो सके।
2. गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की गई निविदा जो विभाग के आदेश दिनांकः 11.02.2013 के निर्देशों के अनुरूप थी, को दिनांकः 30.09.2014 अथवा नवीन निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक (जो भी पूर्व हो), कायम/निरन्तर रखे जाने की स्वीकृति दी जाती है।
3. विश्राम भवन में पदस्थापित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से उनकी कार्य दक्षता एवं निपूर्णता को दृष्टिगत रखते हुए उपयुक्त कार्य आवंटन किये जाकर कराये जायें।

यह स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा उनकी आई.डी. संख्या 101402751 दिनांकः 23.07.2014 प्रदान की गई सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

भवदीय

(राजीव जैन)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त जिला कलक्टर।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–2) विभाग।
3. समस्त कोषाधिकारी, राजस्थान।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग।
5. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव

Room No.1124, Main Building, Govt. Secretariat, Jaipur -302005
Tel. No. (Jt. Secy.) – 0141-2227874/9414085447, (AS) 9414043554, (F) 5116626, 2227928
Website: www.gad.rajasthan.gov.in, Email: mlsharma.gad@rajasthan.gov.in